भक्तों ने तुमको पुकारा भोले आ जाना

भक्तों ने तुमको पुकारा भोले आ जाना,
दर्श दिखा जाना भोले आ जाना,
शिव जी आ जाना भोले आ जाना...

तुम लाखों के दुःख टाले,
तुम हो दुनिया के रखवाले,
हे गंगाधर हे डमरूधर,
तुमको भक्तों ने पुकारा भोले आ जाना.....

मेरी नाव भवर में डोले,
आ कर पार करो मेरे भोले,
हर हर भोले बम बम भोले,
तुमको भक्तों ने पुकारा भोले आ जाना.....

शम्भू दूर करो दुःख मेरा,
तुम बिन कोई नही है मेरा,
जन्मो के फेरे काटो शंकर मेरे,
तुमको भक्तों ने पुकारा भोले आ जाना.....

मेरी भूल सभी भुला कर,
मुझ पर दया करो प्रभु आकर,
वरदानी हो ओघडदानी हो,
तुमको भक्तों ने पुकारा भोले आ जाना.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26099/title/bhakto-ne-tumko-pukara-bhole-aa-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |